तापमान
अधिकतम 32.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि
रायपुर, मंगलवार 4 अगस्त 2026

10 माठ पंचायत में खुलेगा मौनी बाबा पुस्तकालय

12 महिलाओं की सहभागिता से सावन मेला बना यादगार







# अब एक ही पोर्टल पर मिलेगी विभागीय जानकारी और महत्वपूर्ण आंकड़े

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बलौदाबाजार

प्रधानमंत्री गति शक्ति योजना जिला मास्टर प्लान अंतर्गत जागरूकता पोर्टल उपयोग सुनिश्चित करने एवं क्षमता निर्माण हेतु एक दिवसीय जागरूकता प्रशिक्षण का आयोजन सोमवार को संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में किया गया। कलेक्टर कुलदीप शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित प्रशिक्षण में सभी विभाग प्रमुख सम्मिलित हुए। पीएम गति शक्ति योजना अंतर्गत राज्य शासन द्वारा विकसित पोर्टल के माध्यम से लॉग -इन कर सभी विभागों में संचालित योजनाओं की उपलब्धि एवं अन्य महत्वपूर्ण आंकड़े प्राप्त किये जा सकेंगे।

कलेक्टर श्री शर्मा ने इस पोर्टल के सम्बन्ध में विशेष रूप से राजस्व, वन, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, स्वस्थ्य, महिला एवं बाल विकास,लोक निर्माण, स्कूल शिक्षा एवं खाद्य विभाग के अधिकारियो को जिला स्तरीय जानकारी अद्यतन करने के निर्देश दिये। उन्होंने इस पोर्टल का उपयोग कर सभी विभागों को बेहतर समन्वय करने कहा। उन्होंने प्रशिक्षण टीम से जिले में केस स्टडी के रूप में बलौदाबाजार बायपास सड़क निर्माण के लिये अधिग्रहित किये जाने वाले भूमि की जानकारी व नक्शा उपब्लध कराने कहा। प्रशिक्षण में सीईओ जिला पंचायत सुश्री दिव्या अग्रवाल, सीएमएचओ डॉ. राजेश अवस्थी, महाप्रबंधक जिला उद्योग एवं व्यापार गुनेश्वरी साहु सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित रहे।

## पीएम गतिशक्ति योजना अंतर्गत पोर्टल जागरूकता प्रशिक्षण सम्पन्न



### पीपीटी प्रजेंटेशन के माध्यम से दी योजनाओं की जानकारी

वाणिज्य एवं उद्योग विभाग से उपसंबालक, उद्योग संचालनालय सुश्री मौसमी राहा ने पीपीटी प्रेजेंटेशन के माध्यम से योजना की जानकारी एवं पोर्टल के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया क्रि प्रधानमंत्री गतिशक्ति योजना का उद्देश्य देश में विभिन्न अवसंरचना परियोजनाओ की योजना, समन्वय एवं क्रियान्वयन को अधिक प्रभावी एवं त्वरित बनाना है। इस योजना के अंतर्गत स्टेट मास्टर प्लान एवं जिला मास्टर प्लान एवं विकसित किया गया है,जिसमें विभिन्न मंत्रालयों एवं विभागों के डेटा को एकीकृत कर जी आई एस आधारित पोर्टल पर उपलब्ध कराया गया है। प्रधानमंत्री गतिशक्ति योजना के अंतर्गत डिस्ट्रिक्ट मास्टर प्लान का मुख्य उद्देश्य जिला स्तर पर विकास कार्यों को समेकित, सुव्यवस्थित एवं प्रभावी बनाना है। जिले स्तर पर उपलब्ध संसाधनों एवं आवश्यकताओं के आधार पर प्राथमिकता निर्धारण करते हुए योजनाओं का क्रियान्वयन करना है।

## खबर संक्षेप

### शिक्षक संघ ने शिक्षा आयोग के अध्यक्ष सुधीर का किया सम्मान



**खरोरा**। छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ प्रांतीय बैठक में छत्तीसगढ़ शिक्षा आयोग के नवनिर्वाचित अध्यक्ष सुधीर गौतम का सम्मान किया गया। साथ ही शिक्षक से संबंधित विभिन्न समस्याओं एवं शासन द्वारा बनाए गए भर्ती पदोन्नति नियम 2026 पर चर्चा की गई। शिक्षकों के वरिष्ठता सूची में व्याप्त विसंगतियों के सुधार हेतु आवेदन पत्र देने सहित विभिन्न प्रकार की शिक्षकों की समस्याओं के निराकरण हेतु उचित कदम उठाने से की बात हुई। शिक्षक सम्मेलन, अभ्यास वर्ग, सदस्यता अभियान, शिक्षा संबंधित अनेक बातों पर ध्यान आकर्षित किया गया। इस बैठक में प्रमुख रूप से प्रांत अध्यक्ष संजय ठाकुर, प्रांतीय संगठन मंत्री ओंकार ठाकुर, महामंत्री मनोज राय, हरि शर्मा, उमेश भारतीय गोस्वामी, संभागीय अध्यक्ष रायपुर राम नारायण मिश्रा, रमाकांत यादव, हरि शर्मा, ओंकार वर्मा, वी.रघु, टिकेश ठाकुर, सुनील नायक, अवध वर्मा, देवेन्द्र ठाकुर, रामाकांत यादव, युधिष्ठिर बुडेक आदि उपस्थित थे।

### शराब बेच रहे युवक पर की गई कार्रवाई

**महासमुंद**। बसना से बिलाईगढ़ मार्ग खेमड़ा पुल के पास शराब की बिक्री कर रहे एक युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली कि एक युवक बसना से बिलाईगढ़ मार्ग खेमडा पुलिया के पास अवैध रूप से देशी महुआ शराब बिक्री हेतु रखकर ग्राहक की तलाश कर रहा है। मौके पर पहुंचकर पुलिस ने आरोपी को पकड़ा। जिसने पूछताछ में अपना नाम मुकेश यादव पिता नम्मूलाल यादव (25 वर्ष) वार्ड नं 11 पंडरीपानी होना बताया। आरोपी के कब्जे से 07 लीटर देशी हाथ भट्ठी कच्ची महुआ शराब कीमत 1400 रुपए बरामद कर धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

**समस्या : 26 वर्षों में 40 एकड़ जमीन महानदी में समाई**

# महानदी के कटाव से मोहान गांव का अस्तित्व संकट में

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भवानीपुर

महानदी के लगातार बढ़ते कटाव ने पलारी विकासखंड के ग्राम मोहान के अस्तित्व पर गंभीर संकट खड़ा कर दिया है। इस वर्ष लगातार हो रही बारिश तथा गगरेल बांध से छोड़े गए पानी के कारण महानदी में आई बाढ़ ने एक बार फिर गांव के तट को लगभग 7 से 8 मीटर तक काट दिया है। कटाव के बाद अब नदी और गांव के बीच की दूरी घटकर मात्र 85 मीटर रह गई है, जिससे ग्रामीणों में भय और असुरक्षा का माहौल व्याप्त है।ग्रामीणों के अनुसार, पिछले 26 वर्षों में महानदी की धारा गांव की ओर लगातार बढ़ती गई है और इस दौरान लगभग 40 एकड़ उपजाऊ कृषि भूमि नदी में समा चुकी है। कभी गांव और नदी के बीच 200 मीटर से अधिक दूरी थी, लेकिन हर वर्ष बरसात में होने वाले तेज कटाव ने इस दूरी को लगातार कम कर ▸▸ शेष पेज 11 पर



### चार दशक से तटबंध की मांग

पूर्व सरपंच फिरतराम ने बताया कि मोहान गांव को बचाने के लिए ग्रामीण पिछले चार दशकों से तटबंध निर्माण की मांग कर रहे हैं। इस दौरान कई बार प्रशासनिक अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों ने गांव का दौरा कर आश्वासन दिए, लेकिन आज तक स्थायी समाधान नहीं निकल पाया। उनका कहना है कि हर साल बाढ़ के साथ किसानों की उपजाऊ जमीन नदी में समाती जा रही है, जिससे उनकी आजीविका प्रभावित हो रही है। कई किसान अपनी जमीन खो देने के कारण खेती छोड़ने को मजबूर हो गए हैं।

### तटबंध निर्माण अब तक अधूरा

ग्रामीणों ने बताया कि चार वर्ष पहले तत्कालीन मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने महानदी पर तटबंध निर्माण की घोषणा की थी। इससे पहले तत्कालीन मंत्री शिव कुमार डहरिया तथा तत्कालीन कलेक्टर रजत बंसल ने भी तटबंध बनाने का आश्वासन दिया था। हालांकि अब तक निर्माण कार्य शुरू नहीं हो सका है। सरकार बदलने के बाद भी यह प्रस्ताव आगे नहीं बढ़ पाया, जिससे ग्रामीणों में निराशा बढ़ती जा रही है। उनका आरोप है कि हर चुनाव में तटबंध का मुद्दा उठाया जाता है, लेकिन चुनाव समाप्त होने के बाद इस दिशा में कोई ठोस पहल नहीं होती।

### ग्रामीणों ने शीघ्र कार्रवाई की उठाई मांग

इस संबंध में ईई एके सिंह, कसडोल ने बताया कि तटबंध निर्माण के लिए पुनः प्रस्ताव तैयार कर बजट में शामिल कराने हेतु भेजा जाएगा। उन्होंने कहा कि विभाग इस समस्या से अवगत है और शीघ्र ही उच्चाधिकारियों से चर्चा कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। हालांकि ग्रामीणों का कहना है कि वर्षों से ऐसे ही आश्वासन मिलते रहे हैं, लेकिन जमीनी स्तर पर अब तक कोई ठोस कार्य दिखाई नहीं दिया। स्थानीय जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने शासन से मोहान गांव को बचाने के लिए शीघ्र तटबंध निर्माण शुरू कराने की मांग की है। उनका कहना है कि महानदी पर मजबूत तटबंध का निर्माण ही गांव, किसानों की कृषि भूमि और भविष्य को सुरक्षित रखने का एकमात्र स्थायी समाधान है।

## 10 करोड़ लोगों को नशा मुक्ति की शपथ दिलाने का महाअभियान तिल्दा से होगा शुभारंभ




हरिभूमि न्यूज ▸▸| तिल्दा नेवरा

नशा मुक्त भारत अभियान एवं मिशन स्पंदन के अंतर्गत देशभर में 10 करोड़ लोगों को नशा मुक्ति की शपथ दिलाने के महाअभियान की शुरुआत 6 से 20 अगस्त तक किया जायेगा। अभियान का उद्देश्य नशे के प्रति जनजागरूकता बढ़ाना और स्वस्थ, सुरक्षित एवं विकसित भारत के निर्माण में जनभागीदारी सुनिश्चित करना है। अभियान के शुभारंभ अवसर पर 6 अगस्त को शाम 4.30 बजे से 6 बजे तक ब्रह्माकुमारीज सेवा केंद्र, नीलकमल परिसर, पंजाब नेशनल बैंक के पास, खरोरा रोड, तिल्दा में उद्घाटन समारोह आयोजित किया जाएगा।प्रियंका बहन ने बताया कि इस महाअभियान में प्रत्येक नागरिक से नशा मुक्त जीवन की शपथ लेने और कम से कम 50 ▸▸ शेष पेज 11 पर

# ओवररेट पर आक्रोश, विधायक को सड़क से ले गए भट्टी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भवानीपुर

नगर पंचायत रोहांसी के दौरे पर जा रहे कसडोल विधायक संदीप साहू को सोमवार को लवन-खरतोरा मार्ग पर सैकड़ों लोगों ने बीच सड़क में रोक लिया। लोगों ने शराब भट्टी में निर्धारित मूल्य से अधिक कीमत पर शराब बेचे जाने की शिकायत करते हुए विधायक से मौके पर चलकर स्थिति देखने का आग्रह किया। विधायक वाहन से उतरकर सीधे शराब भट्टी पहुंचे और वहां बिक्री व्यवस्था का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान शिकायत सही पाई गई। विधायक ने देखा कि देशी और विदेशी शराब की बोतलों पर निर्धारित मूल्य से 10 से 20 रुपये अधिक वसूले जा रहे थे। शिकायत की पुष्टि होते ही उन्होंने मौके से ही संबंधित विभागीय अधिकारियों से फोन पर चर्चा कर तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए।

विधायक की शिकायत के बाद आबकारी विभाग ने त्वरित कार्रवाई करते हुए संबंधित कर्मचारी को तत्काल हटा दिया। मौके पर मौजूद लोगों ने इस कार्रवाई का स्वागत किया और उम्मीद जताई कि भविष्य में इस तरह की अनियमितताओं पर प्रभावी रोक लगेगी।

इस संबंध में निधिष कोटिस ने बताया कि विधायक की शिकायत मिलते ही तत्काल विभागीय कार्रवाई की गई है। उन्होंने कहा कि मामले की विस्तृत जांच जारी है और यदि जांच में अन्य जिम्मेदार लोगों की भूमिका सामने आती है तो उनके विरुद्ध भी नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। साथ ही उन्होंने आश्वासन दिया कि भविष्य में किसी भी शराब दुकान पर ओवररेट वसूली बर्दाश्त नहीं की जाएगी।



### ओवररेट की शिकायत पर हुई तत्काल कार्रवाई


विधायक संदीप साहू ने कहा कि ओवररेट वसूली के माध्यम से प्रतिदिन आम उपभोक्ताओं से बड़ी मात्रा में अवैध राशि वसूली जा रही है। उन्होंने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ अवैध वसूली तथा एफआईआर दर्ज करने की मांग की। उनका कहना था कि आम लोगों से निर्धारित मूल्य से अधिक राशि लेना पूरी तरह गैरकानूनी है और इस पर सख्त कार्रवाई होनी चाहिए।




**रात में सड़क पर बैठने से हो रहीं दुर्घटनाएं**

# मवेशियों का जमावड़ा, राहगीरों की मुसीबत

हरिभूमि न्यूज ▸▸| लवन



हाईवे से लेकर मुख्य मार्गों में आवारा मवेशियों की चहलकदमी अक्सर हादसों का सबब बनी रही है। कभी मवेशियों की तो कभी राहगीरों एवं वाहन चालकों की अकाल मौत हो जाती है। प्रशासनिक स्तर पर इस समस्या के समाधान के लिये दावे तो किये जा रहे हैं, लेकिन अमल करने में प्रयास नाकाफी दिखाई दे रहे हैं। सुबह से लेकर रात तक आवारा पशु सड़कों पर डटे रहते हैं। इन्हें सड़क से भगाने की कोशिश में ही दुर्घटनाएं घट जाती हैं। नगर हाइवे की सड़क में प्रतिदिन पशुओं की सड़क दुर्घटनाओं में मौत हो रही है। ये घटनाएं अधिकतर रात के समय हो रही हैं। वर्षा काल के सीजन में पशु रात्रि के समय सड़कों पर आकर बैठ जाते हैं, जिससे राहगीरों को आवागमन करने में परेशानियों को सामना करना पड़ रहा है। साथ ही राहगीर भी सड़क हादसे में घायल हो रहे हैं। सड़कों में आवारा मवेशियों की धमाचौकड़ी से निजात दिलाने स्थानीय प्रशासन की ओर से कोई ठोस कदम नहीं उठाये जा रहे है न ही पशु पालक ध्यान दे रहे है क्योंकि पशु पालकों ने मवेशियों को आवारा छोड़ रखा है। वही ग्राम पंचायतों के द्वारा भी अपने अपने क्षेत्रों मे मार्गो से मवेशियों को हटाने को लेकर कोई ठोस कदम नहीं उठाये जा रहे है।

गौरतलब है इन दिनों ऐसा कोई दिन ऐसा नहीं जा रहा है जब कही न कही गौवंश की मौत न होती हो। इन दिनों मार्गो के किनारे लगे खेतों में आवारा मवेशी घुसकर किसानों द्वारा बोई गई खरीफ की फसल को चर जाते है। जिससे संबंधित किसानों को नुकसान पहुंचा रहा है। पर इस संबंध में मुख्य नगर पालिका अधिकारी योगेश कुमार साहू का कहना है कि यह सही है कि इन दिनों सड़कों बहुतायत संख्या में मवेशी देखने को मिल रहे हैं जिससे आवागमन में समस्या उत्पन्न हो रही है।

# धान खरीदी में अब नहीं चलेगा राज्य का किसान पोर्टल, सोसाइटियों में भी हो सकेगा एग्री स्टैक पंजीयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में न्यूनतम समर्थन मूल्य पर धान बेचने की व्यवस्था में बदलाव किया गया है। पिछले साल तक किसानों को राज्य सरकार के एकीकृत किसान पोर्टल में भी पंजीयन आवश्यक था, लेकिन इस खरीफ सीजन में इसकी जरूरत नहीं होगी। सभी प्रकार के किसानों को केंद्र सरकार के एग्री-स्टैक पोर्टल में पंजीयन कराना होगा। राज्य सरकार ने सोसाइटियों में यह पंजीयन करने का जिम्मा आपरेटरों के हवाले किया है।

राज्य सरकार के खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग ने खरीफ सीजन 2026-27 के लिए राज्य के सभी कलेक्टरों, संचालक खाद्य और अपेक्स बैंक के प्रबंध संचालक को इस संबंध में विस्तृत दिशा निर्देश जारी किए हैं। एग्री स्टैक में पंजीयन के लिए 31 अक्टूबर तक का समय दिया गया है। राज्य सरकार के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा एग्री स्टैक में पंजीयन किया जाएगा।

## धान खरीदी 2026-27 के लिए दिशा निर्देश जारी

### धान का यही रकबा होगा मान्य

*सरकार ने कहा कि वित्तीय वर्ष 2026-27 में धान बेचने के लिए पंजीकृत किसानों को केवल एग्री स्टैक पोर्टल पर दर्ज डिजिटल क्रॉप सर्वे में दर्ज धान के रकबे को मान्य किया जाएगा। जिन किसानों ने पिछले सीजन में धान बेचने के लिए पंजीयन नहीं कराया था तथा जिनके पास एग्री स्टेक फार्मर आईडी तथा किसान कोड उपलब्ध नहीं थे, इस तरह के नए किसानों को एग्री स्टैक में पंजीयन के बाद संबंधित समिति, उपार्जन केंद्र में जाकर अपनी जमीन के खरसे का पंजीयन, बैंक का विवरण, नॉमिनी विवरण, ऑनलाइन सोसाइटी मॉड्यूल में दर्ज कराना होगा। यह काम समिति या उपार्जन केंद्र द्वारा किया जाएगा।*



### अब होगी ये व्यवस्था

पिछले सीजन में राज्य सरकार के एकीकृत किसान पोर्टल में किसानों को पंजीयन कराना आवश्यक था, लेकिन इस सीजन में यह व्यवस्था समाप्त कर दी गई है। इसके साथ ही एग्री स्टैक पंजीयन अब सोसाइटी में भी किया जाएगा। इस काम के लिए सोसाइटियों के आपरेटरों को लॉगिन आईडी एवं पासवर्ड दिया जाएगा। ताकि किसानों को एक ही स्थान पर पंजीयन संबंधी सुविधा मिल सके।

## खबर संक्षेप



### विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन ने किया 'सत्याग्रह' किताब का विमोचन

**रायपुर।** विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने रविवार शाम निवास कार्यालय में सत्याग्रह नामक किताब का विमोचन किया। हरि ठाकुर स्मारक संस्थान द्वारा यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। पुस्तक के लेखक साहित्यकार एवं पत्रकार स्व. आशीष सिंह हैं। यह पुस्तक जल-जंगल के संघर्ष पर केन्द्रित है। कार्यक्रम की अध्यक्षता छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग के अध्यक्ष प्रभात मिश्रा ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में राज्य नीति आयोग के उपाध्यक्ष गणेश शंकर मिश्रा, साहित्य अकादमी के अध्यक्ष शशांक शर्मा सहित पूर्व सांसद चुन्नीलाल साहू, साहित्यकार, स्व. आशीष सिंह के सुपुत्र उपमन्यु सिंह, अभिमन्यु सिंह मौजूद थे। डॉ. रमन सिंह ने कहा, यह किताब शताब्दी वर्ष छत्तीसगढ़ के स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों द्वारा किए गए जल-जंगल के लिए किए गए सत्याग्रह पर आधारित है। ब्रिटिश शासनकाल के दौरान जल-जंगल के अधिकारों की रक्षा के लिए हुए संघर्ष को दर्शाता है।

### पं. रविशंकर-पं. विद्याचरण की जयंती पर किया गया याद

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ संघर्ष परिषद द्वारा अविभाजित मध्यप्रदेश के प्रथम मुख्यमंत्री पं. रविशंकर शुक्ल एवं पूर्व केन्द्रीय मंत्री शहीद विद्याचरण शुक्ल की जयंती शुक्ल भवन बूढ़ापारा और निगम के सामने उद्यान में मनाई गई। इस अवसर पर पूर्व मंत्री अमितेष शुक्ल, रमेशचंद शुक्ल, महामंत्री रामअवतार देवांगन, प्रवक्ता नितिन कुमार झा, एमआईसी पार्षद अमर गिदवानी, डॉ. उदयभान सिंह चौहान, सतीश जग्गी, अधिवक्ता संजय मिश्रा अभनपुर, आभा मरकाम, संतोष शर्मा, शिरीष अवस्थी, विकास गुप्ता, राहुल शुक्ला, सुनील बाजारी, किशन बाजारी, सुरेन्द्र चौधरी, रवि शर्मा, राघवेन्द्र पाठक, डॉ. अजय शर्मा, तिलकराज सोनकर धमतरी, विजय साहू आदि काफी संख्या में शुक्ल समर्थक उपस्थित थे।

### व्यावसायिक शिक्षा की किताबें डेढ़ महीने बाद भी गायब

**रायपुर।** कांग्रेस मुख्य प्रवक्ता वंदना राजपूत ने कहा, भाजपा सरकार की शिक्षा विरोधी नीतियों ने प्रदेश के लाखों विद्यार्थियों का भविष्य अधर में लटका दिया है। एक ओर सरकार नई शिक्षा नीति और कौशल विकास के बड़े-बड़े दावे करती है, दूसरी ओर व्यावसायिक शिक्षा के विद्यार्थियों को सत्र शुरू होने के डेढ़ महीने बाद भी सरकारी पुस्तक उपलब्ध नहीं करा सकी। यह सरकार की घोर लापरवाही, अकर्मण्यता और शिक्षा के प्रति असंवेदनशील रवैये का सबसे बड़ा प्रमाण है। प्रदेश में 1244 शासकीय विद्यालयों में व्यावसायिक शिक्षा का पाठ्यक्रम 5 से 10 वर्षों से संचालित हो रहा है।

## पूरे प्रदेश में स्मार्ट मीटर हटाओ–जनआवेदन अभियान का शुभारंभ

# स्मार्ट मीटर हटाने कांग्रेस ने घर-घर जाकर वापसी का फार्म भरवाया

■ नागरिकों से मिलकर बिजली बिल संबंधित परेशानियों की जानकारी ली गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

शहर जिला कांग्रेस द्वारा घर-घर जाकर 'स्मार्ट मीटर वापस करो एवं बढ़ी बिजली दर वापस लो' अभियान के तहत गुरु घासीदास ब्लॉक के अंतर्गत आने वाले गुरु गोविंद सिंग वार्ड के विभिन्न इलाकों में स्मार्ट मीटर वापसी फॉर्म वितरण कार्यक्रम की शुरुआत की है। झंडा चौक, बेहरा कॉलोनी, शीतला मंदिर, बाजार पारा, नहरपारा आदि क्षेत्रों में वहाँ के नागरिकों से मिलकर बिजली बिल संबंधित परेशानियों की जानकारी ली गई।

शहर कांग्रेस द्वारा घर घर जनसंपर्क के दौरान अधिकांश घरों से बिजली बिल के अप्रत्याशित बढ़ोतरी की शिकायतें मिलीं। उन्होंने अपना पुराना बिल और वर्तमान बिल दिखाया जिसमें अधिकांश में जहाँ स्मार्ट मीटर लगने के पूर्व 400-500 रुपए का बिल आता था, अब वह 1700 से 2500 तक बिल आने की शिकायत मिली। अधिकांश लोगों ने स्मार्ट मीटर लगने के बाद आ रही दिक्कतों की जानकारी एवं शिकायत शहर कांग्रेस अध्यक्ष श्रीकुमार शंकर मेनन, पूर्व विधायक कुलदीप जुनेजा से करते हुए समाधान की मांग की है।

### घर-घर स्मार्ट मीटर वापसी फॉर्म वितरण

*शहर कांग्रेस के घर-घर फॉर्म वितरण कार्यक्रम के दौरान लोगो ने इसको महतारी वंदन से जोड़ते हुए आरोप लगाया कि एक तरफ़ सरकार 1 हज़ार दे रही है, तो बिजली बिल, चालान, टैक्स, महंगाई के माध्यम से हर माह 5 से 10 हजार वापस वसूल रही है। घर-घर कांग्रेस जनों ने फॉर्म बाटा और फॉर्म भरने में लोगो की मदद की। आम जनों ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज द्वारा पूरे प्रदेश में चलाए जा रहे इस अभियान की सराहना की है। साथ ही आंदोलन में साथ देने का संकल्प लिया और आश्वासन भी दिया।*



### ये थे मौजूद

शहर अध्यक्ष श्रीकुमार शंकर, पूर्व विधायक कुलदीप जुनेजा, सुशांत डे, ब्लॉक अध्यक्ष मिलिंद गौतम, दीपक चौबे, राज देवांगन, अमितेश भारद्वाज, कमल धृतलहरे, बलजीत भाटिया, प्रवीण चंद्राकर, सेवक महानंद, बास्टो बेहरा, रतन सोनी, शहनाज बेगम, देवकी छत्रीय, सायरा बानो, प्रतीक तिवारी, पवन प्रधान सहित आम नागरिक भी उपस्थित थे।

### उपभोक्ता की सहमति से लगाएं मीटर

शहर कांग्रेस अध्यक्ष श्रीकुमार शंकर ने कहा, "स्मार्ट मीटर वापसी फॉर्म" वितरण कार्यक्रम हर वार्ड में घर-घर पहुंचेंगे। सरकार से स्मार्ट मीटर लगाने पर रोक की मांग की है। यह भी मांग रखी है कि जहां भी मीटर लगे वहां उनकी सहमति से दोनों मीटर पुराना एवं नया 1-2 माह तक लगाकर उपभोक्ता के संतुष्टि के बाद ही पुराने मीटर को बदलने और नया स्मार्ट मीटर को स्थायी करने की माह रखी, ताकि आम जनों को मीटर लगने की प्रकिया पर विश्वास बने और उन्हें किसी भी प्रकार की अवैध वसूली की आशंका ना हो।

### ग्रामीण के 11 ब्लॉकों में फूंका बिगुल



जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर ग्रामीण के सभी 11 ब्लॉकों में स्मार्ट मीटर हटाओ–जनआवेदन अभियान का शुभारंभ किया गया। अभियान के शुभारंभ अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर ग्रामीण के जिला अध्यक्ष राजेंद्र पप्पू बंजारे स्वयं धरसीवा एवं अभनपुर में उपस्थित रहे। जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर ग्रामीण के जिला अध्यक्ष राजेंद्र पप्पू बंजारे ने कहा, यह अभियान लगातार दो माह तक चलेगा। कांग्रेस कार्यकर्ता इस दौरान प्रत्येक गांव और प्रत्येक घर तक पहुंचकर स्मार्ट मीटर हटाने के लिए जनआवेदन भरवा कर आवेदनों को संबंधित सीएसईबी कार्यालयों में जमा कराया जाएगा। उन्होंने कहा, यदि सरकार जनता की मांगों की अनदेखी करती है तो कांग्रेस चरणबद्ध आंदोलन करेगी। उन्होंने भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा, यह स्मार्ट मीटर नहीं, बल्कि 'महतारी वंदन वसूली मीटर' है।

# माठ पंचायत में खुलेगा मौनी बाबा पुस्तकालय



हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

ग्राम पंचायत माठ में ग्रामीण विकास जनहित कल्याण समिति की बैठक हुई। इस बैठक में सभी सदस्य उपस्थित हुए। बैठक में पंचायत में मौली बाबा पुस्तकालय खोलने पर चर्चा की गई। इस पुस्तकालय में सभी प्रकार की पुस्तक उपलब्ध रहेगी। पुस्तकालय के लिए जो भी सहयोग करना चाहता है आर्थिक सहयोग व पुस्तक दान कर सकते हैं। वही प्रदेश अध्यक्ष गोवर्धन पाल ने कहा बच्चों के भविष्य को देखते हुए हमारे समिति शिक्षा के क्षेत्र में काम कर रही हैं जो बच्चे मोबाइल में व्यस्त हैं, पुस्तकालय खोलने से ज्ञान बढ़ेगा। इसके लिए पुस्तकालय कमेटी गठन किया गया हैं, जिसमें अध्यक्ष मोनिका वर्मा को बनाया गया। वही समस्त सदस्य व पदाधिकारियों ने इस निर्णय के लिए समर्थन किया। इस पुस्तकालय के लिए जनप्रतिनिधियों का भी सहयोग लिया जाएगा। समिति की सचिव धनेश्वरी वर्मा ने कहा आज की स्थिति में गांव में पुस्तकालय खोलने जरूरी है, क्योंकि आज हमें महापुरुषों के जीवन परिचय पढ बहुत जरूरी है। महापुरुषों के जीवन से जो हमें सीख मिलेगी वह आने वाली अपने बच्चों को बता सकते हैं। महामंत्री आराधना पाल ने कहा शिक्षा के क्षेत्र में हमारे समिति द्वारा निर्णय लिया गया है। वह आने वाले दिनों में आस पास के गांव के बच्चों को पुस्तकालय का लाभ मिलेगा और बच्चों के लिए बेहतर से बेहतर पुस्तक रखेंगे, ताकि बच्चे जीवन परिचय से लेकर आपने पढ़ाई भी पूरा कर सकें। बेहतर पुस्तकालय को बनाने के लिए हमारे समिति प्रयास करेंगे और आप सभी जन सहयोग से ही बेहतर बना सकते हैं।

## दो माह पूर्व रद्द जिला स्तरीय चयन

# केंद्रीकृत भर्ती के लिए टेंडर जारी लेकिन परीक्षा तिथि नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

स्वामी आत्मानंद विद्यालयों में भर्ती के लिए होने वाली केंद्रीकृत परीक्षा के लिए टेंडर जारी कर दिया गया है लेकिन परीक्षा कब आयोजित होगी, यह अब तक स्पष्ट नहीं हो सका है। ऐसे में भर्ती परीक्षा की तैयारी कर रहे अभ्यर्थियों के साथ-साथ उन स्कूलों के विद्यार्थी भी चिंता में हैं, जहां शिक्षकों की सर्वाधिक कमी है। अगला शैक्षणिक सत्र एक अप्रैल से प्रारंभ होगा। स्कूलों को मार्च अंत तक सभी कक्षाओं की परीक्षाएं संपन्न कराकर परिणाम जारी करने निर्देश दिए जा चुके हैं। शिक्षकों की कमी के कारण तय वक्त पर सिलेबस पूर्ण करना अब चुनौती बन गया है। गौरतलब है कि लोक शिक्षण संचालनालय ने एजेंसी चयन के लिए टेंडर जारी किया है। जेम पोर्टल के माध्यम से यह टेंडर जारी किया गया है। एजेंसी का चयन होने के बाद ही विज्ञापन जारी किए जाने से लेकर अन्य प्रक्रिया प्रारंभ होगी। शासन द्वारा वर्तमान सत्र से स्वामी विवेकानंद उत्कृष्ट विद्यालय योजना प्रारंभ की गई थी। इन विद्यालयों में भी हिंदी के साथ-साथ इंग्लिश माध्यम से पढ़ाई होगी। डीपीआई द्वारा आयोजित होने वाली भर्ती परीक्षा के माध्यम से स्वामी विवेकानंद विद्यालय में भी नियुक्ति की जाएगी। यहां नियमित शिक्षकों के अलावा प्रतिनियुक्ति पर भी शिक्षकों की सेवाएं ली जाती हैं। इसके बाद भी रिक्त रह गए पद संविदा भर्ती के माध्यम से भरे जाते हैं।

### इन पदों पर होगी भर्ती

**शैक्षणिक पद:** व्याख्याता (हिंदी, अंग्रेजी, संस्कृत, भूगोल, अर्थशास्त्र, इतिहास, राजनीति विज्ञान, गणित, जीव विज्ञान, वाणिज्य, रसायन, भौतिकी), शिक्षक (हिंदी, संस्कृत, अंग्रेजी, कला, विज्ञान, गणित), प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक स्तर के प्रधान पाठक, सहायक शिक्षक और व्यायाम शिक्षक।

**गैर-शैक्षणिक पद:** ग्रंथपाल, कंप्यूटर शिक्षक, प्रयोगशाला सहायक, सहायक ग्रेड-2, सहायक ग्रेड-3, भृत्य, चौकीदार और अंशकालीन सफाई कर्मी।

**इसलिए बदलाव :** इससे पहले जिला स्तर पर होने वाली कलेक्टर की अध्यक्षता वाली समितियों के माध्यम से इंटरव्यू आधारित भर्तियों में पक्षपात और गड़बड़ियों की शिकायतें सामने आती रही हैं। इस कारण जिला स्तर पर होने वाली भर्ती परीक्षा को आदेश जारी कर निरस्त कर दिया गया था। पूरे प्रदेश में एक ही प्रश्न-पत्र से परीक्षा होगी। राजधानी रायपुर सहित कई जिलों में जून माह में ही जिला स्तर पर आवेदन मंगाए जा चुके थे तथा परीक्षा की तिथि घोषित करने की तैयारी थी। विभिन्न जिलों में रिक्त पदों की संख्या पृथक-पृथक है।

# आतंकी हमले में मजदूरों के शव उनके घरों तक नहीं लाना सरकार की असंवेदनशीलता : बैज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, जम्मू कश्मीर के कुलगाम में आतंकी हमले में मारे गये छत्तीसगढ़ के दो मजदूरों का शव छत्तीसगढ़ नहीं लाना तथा वहीं पर अंतिम संस्कार किया जाना भाजपा सरकार की असंवेदन शीलता को दिखाता है। एक तो डबल इंजन की सरकार हमारे मजदूरों को सुरक्षा नहीं दे पाई, ऊपर से उनकी मौत के बाद उनके किया कर्म के लिये उनके शवों को घरों तक नहीं पहुंचाना बताता है कि भाजपा सरकार की नजर में छत्तीसगढ़ के मजदूरों की कोई अहमियत नहीं है।

उन्होंने कहा, कुलगाम में छत्तीसगढ़ के दो मजदूरों की आतंकियों ने हत्या कर दिया। एक सारंगढ़ के थे एक सक्ति के थे। हमारी छत्तीसगढ़ की नकारी सरकार मजदूरों के शव भी उनके घरों तक नहीं ला पाई उनका वही अंतिम संस्कार कर दिया गया। क्या यह डबल इंजन सरकार की जिम्मेदारी नहीं थी कि मृतकों के शव उनके घर पहुंचाए, शर्म आती है ऐसी सरकार पर। मुआवजा भी छग सरकार ने मात्र 20 लाख घोषित किया है जबकि 1 करोड़ देना चाहिए।



**भाजपा सरकार की नजर में छत्तीसगढ़ के मजदूरों की कोई अहमियत नहीं**

### घटना में षड्यंत्र

उन्होंने कहा, जब-जब केन्द्र सरकार कमजोर दिखती है या उस पर आंतरिक दबाव पड़ता है, तब-तब देश में आतंकी वारदातें होती हैं, पुलवामा, पहलगाम और अब कुलगाम। यह केन्द्र की नाकामी है। साथ ही इस घटना में षड्यंत्र भी लग रहा हैं यह घटना ध्यान भटकाने की साजिश तो नहीं? इस घटना की जांच होनी चाहिये।


# कैबिनेट उप समिति का निर्णय : अब 10 प्रतिशत ब्रोकन चावल ही होगा स्वीकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खाद्य मंत्री दयालदास बघेल की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमण्डलीय उप समिति ने आगामी खरीफ विपणन वर्ष के धान निष्पादन एवं कस्टम मिलिंग तथा धान खरीदी की तैयारियों पर चर्चा की। छत्तीसगढ़ में धान खरीदी व्यवस्था को अधिक पारदर्शी, सुगम और प्रभावी बनाने के उद्देश्य से मंत्रिमंडलीय उप समिति की पिछले दिनों हुई बैठक में धान खरीदी और मिलिंग व्यवस्था से जुड़े कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि अब किसी भी पूल में 25 प्रतिशत ब्रोकन चावल स्वीकार नहीं किया जाएगा, इसकी सीमा घटाकर 10 प्रतिशत कर दी गई है।

इस फैसले से केंद्रीय और राज्य पूल में चावल जमा कराने के बाद बचने वाले धान की समस्या काफी हद तक समाप्त होगी। पहले अतिरिक्त धान की नीलामी करनी पड़ती थी, लेकिन नई व्यवस्था लागू होने के बाद ऐसी स्थिति बनने की संभावना नहीं रहेगी। धान खरीदी प्रक्रिया को किसानों के लिए अधिक सरल और सुविधाजनक बनाने पर भी विस्तार से चर्चा की गई। साथ ही धान मिलिंग व्यवस्था को बेहतर और व्यवस्थित बनाने के लिए भी रणनीति तैयार की गई, ताकि पूरी प्रक्रिया सुचारू रूप से संचालित हो सके। गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ देश के उन राज्यों में शामिल है, जहां किसानों से सबसे अधिक समर्थन मूल्य पर धान खरीदा जाता है। राज्य सरकार प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान की खरीदी करती है। उप मंत्रिमंडलीय समिति की बैठक में मंत्री दयालदास बघेल, टंकराम वर्मा, रामविचार नेताम और श्याम बिहारी जायसवाल शामिल रहे।

## आगामी सीजन की धान खरीदी की तैयारी और कस्टम मिलिंग पर मंथन



### रेलवे रैक की कमी से चावल उठाव प्रभावित

वहीं राज्य में केंद्रीय पूल के लिए खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 के तहत 73 लाख टन चावल भेजने का लक्ष्य है। छत्तीसगढ़ में रेलवे रैक और ट्रैक की कमी के कारण केंद्रीय पूल में चावल का पूरा उठाव और भंडारण प्रभावित हो रहा है। इसके समाधान के लिए हर महीने कम से कम 250 रेलवे रैक उपलब्ध कराने और 5 लाख मीट्रिक टन चावल का जल्द उठाव करने का प्रबंध करने की मांग की गई है।

**एसी के दाम 25 फीसदी तक बढ़े, वाहनों के दाम में भी दस फीसदी तक का इजाफा, घी सहित अन्य सामान के भी बढ़े मनमाने दाम**

# जिन सामान में जीएसटी हुई थी कम, उनके दाम और बढ़ गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि खास

केंद्र सरकार ने जीएसटी के स्लैब में बदलाव कर आम ग्राहकों को फायदा पहुंचाने का जो काम बीते साल किया था, उसका कोई भी फायदा वास्तव में ग्राहकों को नहीं मिल सका है। वाहन और एसी जैसे बड़े उत्पादों में कुछ समय तक इसका फायदा मिला, लेकिन आज की तारीख में स्थिति यह है कि जहां एसी के दाम 25 फीसदी बढ़ गए हैं। वहीं वाहनों के दाम भी करीब उतने बढ़ गए हैं, जितने जीएसटी में कम हुए थे। सीमेंट के दाम में तो पहले ही कागजों में खेल किया गया था। अब तो इसके दाम और ज्यादा हो गए हैं। घी और पनीर में भी बड़ा खेल हो गया है। किराना का कोई भी सामान कम नहीं हुआ है, बल्कि इसके दाम पहले से ज्यादा हो गए हैं।

केंद्र सरकार ने बीते साल सितंबर में जीएसटी के स्लैब में बदलाव करके उसको चार के स्थान पर दो कर दिया। ऐसे में अब सिर्फ पांच और 18 फीसदी वाले स्लैब ही रह गए हैं। आम उपभोक्ताओं के उपयोग वाले डेली के कई सामानों में 12 और 18 फीसदी के जीएसटी को कम करके पांच फीसदी कर दिया गया। इसी तरह से 28 फीसदी वाले स्लैब को 18 फीसदी किया गया। इसका मकसद यह था कि इसका फायदा ग्राहकों को मिले, लेकिन ऐसा नहीं हो सका है।

### हर सामान के दाम में खेल



रोज के उपयोग वाले जो भी सामान जैसे साबुन, शैंपू, टूथपेस्ट, नूडल्स, नमकीन, भुजिया सेव, सॉस, पास्ता, चॉकलेट, काफी में जीएसटी पांच फीसदी किया गया था, उसमें से किसी में भी इसका कोई फायदा ग्राहकों को नहीं मिल रहा है। किराना दुकान कारोबारी नाम न छापने की शर्त पर बताते हैं कि जो पेस्ट जीएसटी कम होने के पहले 60 रुपए का था, उसके दाम अब 68 से 70 रुपए हो गए हैं। जो साबुन पहले 15 रुपए में मिल जाता था, उसके दाम अब 16 से 17 रुपए हो गए है। कुछ सामानों की कीमत न बढ़ाकर उसका वजन कम कर दिया गया है। अन्य सामानों के दाम में भी कोई कमी नहीं हुई है। सभी सामानों का उत्पाद करने वाली कंपनियों ने धीरे-धीरे करके जितनी जीएसटी कम हुई थी, उससे और ज्यादा दाम बढ़ा दिए हैं।

### वाहनों के दाम भी बढ़े

दो और चारपहिया वाहनों को भी 28 से हटाकर 18 फीसदी के स्लैब में किया गया था। इसका भरपूर फायदा बीते साल त्योहारी सीजन में मिला। जिन लोगों ने भी वाहन लिए उनको दस फीसदी का लाभ मिला। ऑटोमोबाइल कारोबारियों के मुताबिक नए साल में अप्रैल और जुलाई में इसके दाम करीब-करीब दस फीसदी बढ़ गए हैं तो अब जीएसटी कम होने का कोई फायदा नहीं मिल रहा है।



### घी, पनीर के दाम भी बढ़े

जब जीएसटी कम हुई थी उस समय अलग-अलग ब्रांड के घी के दाम 550 से 650 रुपए थे। कुछ कंपनियों ने जीएसटी का नया स्लैब लागू होने से पहले ही जहां 40 से 50 रुपए दाम बढ़ दिए, वहीं कुछ कंपनियों ने कुछ समय तक फायदा देने के बाद दाम बढ़ दिए। इस समय ज्यादातर कंपनियों के घी के दाम 700 रुपए से लेकर 800 रुपए तक हो गए हैं। जबकि जीएसटी कम होने के समय इनके दाम कम थे। पनीर के दाम में भी पहले से ज्यादा इजाफा हो गया है। जो 200 ग्राम का पनीर पहले 90 रुपए में मिलता था, उसके दाम अब 95 रुपए हो गए हैं। खुले पनीर के दाम में भी भारी इजाफा हो गया है। 100 रुपए पाव वाला पनीर 120 रुपए पाव हो गया है। 200 एमएल ट्रेटा पैक दूध के दाम पहले 15 रुपए थे, इसके दाम अब 17 रुपए हो गए।

### एसी में 10 फीसदी दाम घटे थे, अब 25 फीसदी बढ़े

एसी को 28 फीसदी के स्लैब से हटाकर 18 फीसदी किया गया था। ऐसे में जो एसी 40 हजार का था, उसमें सीधे-सीधे चार हजार का फायदा था। यह फायदा बीते साल त्योहारी सीजन तक मिला। लेकिन इस सीजन में ज्यादा एसी नहीं बिकते हैं। एसी का सीजन गर्मी में रहता है। लेकिन गर्मी से पहले ही एसी के दाम में ऐसी आग लगी कि इसके दाम 25 फीसदी तक बढ़ गए। ऐसे में जिस एसी में 10 फीसदी का फायदा होना था, उसमें अब 15 फीसदी और ज्यादा पैसे लग रहे हैं।

### सीमेंट के दाम में ऐसा खेल



सीमेंट के दाम में जीएसटी कम होने के समय ही कंपनियों ने बड़ा खेल कर दिया था। जिस सीमेंट के दाम 270 रहते हैं कंपनी उसकी बिलिंग 320 रुपए में करती है। डीलरों को 50 रुपए का डिस्कांउट दे दिया जाता है। जीएसटी दस फीसदी कम होने पर 320 रुपए की बिलिंग को 288 रुपए कर दिया गया और डीलरों का डिस्कांउट 50 रुपए से कम करके 20 रुपए कर दिया गया। सीमेंट कंपनियां तो कभी भी दाम बढ़ा देती है। नए सत्र में कुछ समय पहले ही दाम बढ़ाए गए। मानसून में भी फिर से दाम बढ़ाने की तैयारी है। इस समय कोई भी सीमेंट 300 रुपए से कम नहीं है।

## खबर संक्षेप



### कमलाकांत शुक्ल इंस्टीट्यूट में करियर गाइडेंस और नैतिक शिक्षा पर कार्यशाला

**भाटापारा।** कमलाकांत शुक्ला इंस्टीट्यूट, देवरी द्वारा 20 जुलाई से निरंतर क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों में 10वीं से 12वीं (सभी संकाय) के विद्यार्थियों के लिए करियर गाइडेंस एवं नैतिक मूल्य' विषय पर एक विशेष जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है।इस अभियान के तहत महाविद्यालय के विशेषज्ञ प्राध्यापकों टीम प्रतिदिन अलग-अलग स्कूलों, जैसे - शासकीय उच्च. माध्य. विद्यालय तरेंगा, खोखली, गुर्रा, पंचमदिवान, गोढ़ी टी, अमलीडीह, रोहरा, बहुउद्देशीय, कोटमी, दतरेंगी में जाकर आधुनिक तकनीक और व्याख्यान के माध्यम से विद्यार्थियों को 12वीं के बाद करियर के विभिन्न अवसरों, उच्च शिक्षा के विकल्पों, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी तथा व्यक्तित्व विकास के बारे में विस्तार से जानकारी दी जा रही है। जागरूकता कार्यक्रम महाविद्यालय के संचालक मनीष शुक्ला के भाटापारा क्षेत्र के प्रति सामुदायिक उत्तरदायित्व की सोच एवं विद्यार्थियों के जीवन में शिक्षा तथा मूल्यों के महत्व को ध्यान में रखने की प्रेरणा तथा प्राचार्या डॉ. वंदना चौहान के कुशल मार्गदर्शन एवं दिशा-निर्देश में सफलतापूर्वक संचालित किया जा रहा है।

### हरजीत को मिला महासमुंद जिले का अतिरिक्त प्रभार

**बलौदाबाजार।** जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग बलौदाबाजार के न्यायिक सदस्य हरजीत सिंह चावला को छतीसगढ़ शासन द्वारा महासमुंद जिला का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। छत्तीसगढ़ शासन, खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग मंत्रालय, महानदी भवन, नवा रायपुर, अटल नगर द्वारा जारी आदेश में हरजीत सिंह चावला न्यायिक सदस्य जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग बलौदाबाजार- भाटापारा अपने वर्तमान कर्तव्यों के साथ - साथ अस्थायी रूप से आगामी आदेश तक न्यायिक सदस्य जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग महासमुंद का अतिरिक्त कार्य प्रभार सौंपा गया है।

## पेज 9 के शेष

### महानदी के कटाव...

दिया है। ग्रामीण बताते हैं कि सामान्य दिनों में भी दो से तीन फीट तक कटाव होता है, जबकि बाढ़ के दौरान यह कई गुना बढ़ जाता है। यदि समय रहते प्रभावी सुरक्षा कार्य नहीं किए गए तो आने वाले वर्षों में गांव के अस्तित्व पर गंभीर खतरा मंडरा सकता है।

### 10 करोड़ लोगों ...

अन्य लोगों को भी इस अभियान से जोड़ने का आह्वान किया गया है। अभियान के लिए क्यूआर कोड के माध्यम से मात्र 30 सेकंड में ऑनलाइन शपथ ली जा सकती है।आयोजकों का कहना है कि नशा मुक्त समाज से बेहतर स्वास्थ्य, मानसिक शांति, मजबूत परिवार, आर्थिक समृद्धि और सकारात्मक जीवनशैली का निर्माण संभव है। अभियान में अधिक से अधिक लोगों की सहभागिता की अपील की गई है।

छात्र-छात्राओं की पढ़ाई-लिखाई, पुस्तक वाचन और शिक्षा गुणवत्ता की जांच की

# कलेक्टर ने सरकारी संस्थाओं का किया आकस्मिक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ भटगांव/बिलाईगढ़

कलेक्टर पद्मिनी भोई साहू ने सोमवार को सारंगढ़ एवं बिलाईगढ़ विकासखंड के विभिन्न विद्यालयों का औचक निरीक्षण कर शिक्षण व्यवस्था, विद्यार्थियों की अध्ययन क्षमता तथा पुस्तक वाचन गतिविधियों का जायजा लिया। इसके साथ ही उन्होंने भटगांव तहसील एवं उप पंजीयक कार्यालय का भी निरीक्षण कर शासकीय कार्यों की समीक्षा की।

सारंगढ़ विकासखंड के शासकीय हाईस्कूल कटेली पहुंचकर कलेक्टर ने कक्षा 9वीं के विद्यार्थियों से हिंदी पाठ का वाचन कराया। उन्होंने विद्यार्थियों से कहानी गुल्ली-डंडा के लेखक के बारे में पूछा, जिस पर विद्यार्थियों ने सही उत्तर देते हुए बताया कि इसके लेखक प्रेमचंद हैं। कलेक्टर ने बच्चों से गुल्ली-डंडा खेल के बारे में भी जानकारी ली, जिस पर विद्यार्थियों ने इसे खेलों का राजा बताया। उन्होंने छत्तीसगढ़ी लोकगीत, संस्कृत के सुभाषित तथा विभिन्न विषयों की पढ़ाई की प्रगति की जानकारी ली। कक्षा शिक्षक से पाठ्यक्रम की अब तक कितना पढ़ा चुके उसकी स्थिति पूछी, जिसमें बताया गया कि चार पाठ पूर्ण हो चुके हैं। कलेक्टर ने विद्यार्थियों से उनके पसंदीदा विषय के बारे में भी चर्चा की, जिसमें अधिकांश बच्चों ने गणित एवं हिंदी को अपना पसंदीदा विषय बताया। कलेक्टर ने बताया कि प्रत्येक माह के प्रथम सोमवार को जिले के सभी विद्यालयों में पुस्तक वाचन गतिविधि आयोजित की जाएगी, जिससे विद्यार्थियों में पढ़ने की रुचि, भाषा दक्षता एवं अध्ययन की आदत विकसित हो सके।कलेक्टर ने अधिकारियों एवं शिक्षकों को निर्देशित किया कि विद्यार्थियों की बुनियादी शिक्षा, भाषा दक्षता, गणितीय समझ एवं नियमित पुस्तक वाचन पर विशेष ध्यान दिया जाए। कमजोर विद्यार्थियों के लिए अतिरिक्त कक्षाएं संचालित कर उन्हें बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराया जाए तथा विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित की जाए। इस दौरान बिलाईगढ़ अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) प्रफुल रजक, तहसीलदार कमलेश सिदार, विकासखंड शिक्षा अधिकारी सत्यनारायण साहू व नरेश चौहान सहित अन्य संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।





### एचपीवी टीकाकरण के निर्देश

इसके पश्चात कलेक्टर ने शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिलाईगढ़ का निरीक्षण किया। उन्होंने विद्यार्थियों से एचपीवी वैक्सीनेशन की जानकारी ली तथा पात्र छात्राओं का पालक की सहमति पर अधिक से अधिक टीकाकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कक्षा 9वीं में विद्यार्थियों से पुस्तक वाचन गतिविधि की जानकारी ली तथा अंग्रेजी विषय का पाठ पढ़वाकर उनकी रीडिंग क्षमता का परीक्षण किया। कमजोर विद्यार्थियों की अंग्रेजी पढ़ने की क्षमता में सुधार लाने के लिए शिक्षकों को विशेष प्रयास करने के निर्देश दिए।

### कमजोर छात्रों की पढ़ाई पर दे विशेष ध्यान

उन्होंने विद्यालय में नवीन प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों की संख्या की भी जानकारी प्राप्त की। कक्षा 12वीं की बायोलॉजी एवं गणित कक्षाओं तथा कक्षा 10वीं की अंग्रेजी कक्षा का भी निरीक्षण किया गया। कलेक्टर ने विद्यार्थियों से अंग्रेजी पुस्तक का वाचन कराया तथा जिन विद्यार्थियों की रीडिंग कमजोर पाई गई, उनके लिए विशेष अभ्यास कराने के निर्देश प्रधान पाठक एवं शिक्षकों को दिए।

### गणित की पढ़ाई सुधारने दिए निर्देश

इसी क्रम में कलेक्टर ने बिलाईगढ़ विकासखंड के सेजेस स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पवनी का निरीक्षण किया। उन्होंने स्मार्ट क्लास का अवलोकन किया तथा विभिन्न कक्षाओं में पहुंचकर विद्यार्थियों से विषयवार प्रश्न पूछे। एफए-1 के अनुसार पाठ्यक्रम पूर्ण होने की जानकारी ली। कलेक्टर ने कक्षा 10वीं के गणित विषय के 'रियल नंबर्स' अध्याय से संबंधित प्रश्न ब्लैकबोर्ड पर लिखकर विद्यार्थियों से हल कराया। संतोषजनक उत्तर नहीं मिलने पर संबंधित शिक्षक को ब्लैकबोर्ड पर सरल तरीके से समझाने तथा कमजोर विद्यार्थियों के लिए अलग से बेसिक कक्षाएं संचालित करने के निर्देश दिए।

### उच्च स्वास्थ्य सुविधा और योजनाओं का लाभ देने दिए निर्देश

■ कलेक्टर ने ली निजी अस्पताल संचालकों की बैठक

बिलाईगढ़। जिले के निजी हॉस्पिटल में हाईप्रेग्नेंसी से मातृ शिशु मृत्यु दर कम करने और कौशल विकास के तहत युवाओं को रोजगारमूलक प्रशिक्षण देने के उद्देश्य से कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी पद्मिनी भोई साहू ने जिले में संचालित सभी प्राइवेट हॉस्पिटल संचालकों का समीक्षा बैठक ली। इस दौरान उन्होंने हॉस्पिटल में जरूरत के स्टॉफ को प्रशिक्षण के साथ रोजगार देने के लिए स्वास्थ्य विभाग और कौशल विकास विभाग द्वारा जिले के बेरोजगार युवाओं को निशुल्क प्रशिक्षण देने पर बात हुई। कलेक्टर ने निजी हॉस्पिटल संचालकों से उनके हॉस्पिटल में हाईप्रेग्नेंसी से मातृ शिशु मृत्यु दर को कम करने के लिए अच्छी स्वास्थ्य सुविधा मुहैया कराने के निर्देश दिए। इसी प्रकार कलेक्टर ने केंद्र और राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ नागरिकों को तत्काल पर देने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर पद्मिनी भोई साहू ने डिप्टी कलेक्टर ऋचा सिंह को कौशल विकास, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की आरसेटी संस्था सारंगढ़ और जिले के आईटीआई सारंगढ़, सरिया तथा भटगांव से जिले के इच्छुक बेरोजगार युवाओं को मनवांछित रोजगारमूलक तकनीकी, मेडिकल और अन्य कम्प्यूटर कोर्स उपलब्ध कराने के लिए निशुल्क प्रशिक्षण देने के निर्देश दिए। साथ ही जिले के हॉस्पिटल, औद्योगिक और प्राइवेट अन्य संस्थानों में आवश्यकता अनुसार रोजगार देने के लिए पहल करने के निर्देश दिए। उल्लेखनीय है कि कौशल विकास विभाग द्वारा जिले के 8वी, 10वी, 12वी पास युवाओं को जनरल नर्सिंग असिस्टेंट, टैली और डीटीपी कम्प्यूटर कोर्स सहित अन्य प्रकार के आजीविकामूलक निशुल्क ट्रेनिंग दी जाती है। बैठक में डिप्टी कलेक्टर ऋचा सिंह, सीएमएचओ डॉ. पुष्पेंद्र वैष्णव, निजी हॉस्पिटल के प्रतिनिधिगण, कौशल विकास से पुरुषोत्तम स्वर्णकार, लीलाधर अजगल्ले उपस्थित थे।

### लंबित प्रकरणों की ली समीक्षा

विद्यालय निरीक्षण के उपरांत कलेक्टर ने भटगांव तहसील कार्यालय का निरीक्षण किया। उन्होंने लोक सेवा केंद्र, नकल शाखा एवं कानूनगो शाखा का अवलोकन कर लंबित प्रकरणों की समीक्षा की। आरबीसी 6-4 प्रकरणों, स्वामित्व योजना की प्रगति तथा अन्य राजस्व कार्यों की जानकारी ली। इस दौरान उप पंजीयक कार्यालय का भी निरीक्षण कर अभिलेखों एवं कार्यालयीन व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

# हायर सेकंडरी की 9 छात्राओं को साइकिल वितरित

हरिभूमि न्यूज ⏭ सेल



शहीद हेमलाल कौशिक उच्चतर माध्यमिक शाला झबडी मेंपर कक्षा 9वीं छात्राओं को निःशुल्क सायकिल प्रदान की गई। कार्यक्रम का उद्देश्य दूरस्थ गांवों से आने वाली छात्राओं को स्कूल आने-जाने में सुविधा देना और बालिका शिक्षा को प्रोत्साहित करना है। मुख्य अतिथि अंजीव जायसवाल ने छात्राओं को सायकिल की चाबी और प्रशस्ति पत्र सौंपकर शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि सायकल मिलने से छात्राओं का समय और श्रम दोनों बचेगा और वे नियमित रूप से स्कूल आ सकेंगी। विशिष्ट अतिथि अंजू कश्यप ने कहा कि बेटियों को शिक्षित करना ही समाज की प्रगति की नींव है। सरकार की यह योजना बालिका शिक्षा और महिला सशक्तिकरण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

इस अवसर पर सरपंच अंजू कौशिक शाला विकास समिति के अध्यक्ष रामायण कर्ष सदस्य सालिकराम पटेल और जयकुमार साहू भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। संस्था प्रमुख प्राचार्य नोहरसिंह श्रीवास ने कहा कि निःशुल्क सायकल योजना से उन छात्राओं को सबसे ज्यादा लाभ मिलेगा जो 3 से 5 किमी दूर से पैदल स्कूल आती हैं। उन्होंने शासन और अतिथियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में शिक्षकगण दिलीप साहू, इंद्रकुमार कैवर्त्य, रामकुमारी कौशिक, बेदकली डडसेना, प्रमोद कुमार, सूर्या, तोरणसिंह पाटले, गनेश्वर प्रसाद आज़ाद, संदीप श्रीवास, उत्तमलाल देवांगन, साधराम कैवर्त्य, मेघनाथ साहू, सरिता साहू, तृष्णा पटेल, भावसिंह पैकरा एवं बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।

# नगर के होनहार नीट छात्रों का सम्मान



**खरोरा।** नगर के होनहार विद्यार्थी मनजोत सिंह चावला, भूपेश दुबे एवं आदित्य धीरज से भाजपा मंडल अध्यक्ष सोना की उपस्थिति में आत्मीय भेंट हुई। हाल ही में नीट परीक्षा में सफलता प्राप्त करने वाले इन प्रतिभाशाली छात्रों एवं उनके परिजनों के साथ उनकी उपलब्धि की खुशी साझा करते हुए इन छात्रों का शाल, श्रीफल एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया। इस दौरान नीट पेपर लीक मामले पर भी इन छात्रों से विस्तृत चर्चा हुई। इन्होंने केंद्र सरकार के त्वरित कार्रवाई, पेपर माफियाओं पर कठोर प्रहार, पुनर्परीक्षा के सफल आयोजन तथा परीक्षा व्यवस्था को पारदर्शी बनाने के प्रयासों पर संतोष व्यक्त किया। इस अवसर पर भाजपा खरोरा मंडल अध्यक्ष सोना वर्मा, मंडल उपाध्यक्ष विकास ठाकुर, महिला मोर्चा अध्यक्ष त्रिलोचनी साहू, बंगोली मंडल महिला मोर्चा अध्यक्ष हिरा वर्मा, महामंत्री सकुन कोशले, किसान मोर्चा राजा भरत साहू, पार्षद तामेश्वर मरकाम, लीलाधर वर्मा उपस्थित थे।

# पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना से नारायण पटेल का घर हुआ रोशन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार



■ पर्यावरण संरक्षण में भी निभा रहे अहम भूमिका

प्रधानमंत्री की महत्वाकांक्षी पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना जिले के नागरिकों के जीवन में सकारात्मक बदलाव ला रही है। ग्राम अमेरा निवासी नारायण पटेल ने वर्ष 2025 में अपने घर की छत पर सोलर रूफटॉप प्लांट स्थापित कर इस योजना का लाभ प्राप्त किया।

नारायण पटेल ने बताया कि उन्हें इस योजना की जानकारी बैंक के माध्यम से मिली। इसके बाद उन्होंने आवेदन किया और आवश्यक प्रक्रिया पूरी होने पर अपने घर की छत पर सोलर पैनल लगवाया। सोलर प्लांट की स्थापना के लिए उन्हें केंद्र एवं राज्य सरकार से निर्धारित सब्सिडी का लाभ भी प्राप्त हुआ, जिससे स्थापना की लागत काफी कम हो गई।

उन्होंने बताया कि सोलर पैनल लगने से बिजली की बचत होने के साथ स्वच्छ एवं हरित ऊर्जा का उपयोग बढ़ा है। यह पहल न केवल परिवार के लिए आर्थिक रूप से लाभदायक साबित हो रही है, बल्कि पर्यावरण संरक्षण की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण कदम है। सौर ऊर्जा के उपयोग से प्रदूषण में कमी आती है और आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ पर्यावरण सुनिश्चित करने में मदद मिलती है।

नारायण पटेल ने कहा कि पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना आम लोगों के लिए बेहद लाभकारी है। इस योजना के माध्यम से मुझे अपने घर पर सोलर पैनल लगाने का अवसर मिला और सरकार से सब्सिडी का लाभ भी प्राप्त हुआ। इसके लिए मैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का आभार व्यक्त करता हूँ।

# सड़कों पर गौवंश का जमावड़ा, गौ प्रेमी ने जताई चिंता

हरिभूमि न्यूज ⏭ पलारी



गौ प्रेमी रामनारायण यादव ने मुख्य व पहुंच मार्गों पर बैठ रहे गौवंशों की स्थिति पर गहरी चिंता जताते हुए शासन से इनके त्वरित संरक्षण और प्रबंधन की मांग की है। साथ ही उन्होंने गौमाता को राष्ट्रमाता का दर्जा देने की आवाज भी उठाई है।

उन्होंने कहा सड़कों पर आवारा घूम रहे गौवंशों के मालिकों की पहचान की जाए। यदि मालिक सामने न आए, तो उन्हें सरकारी अनुदान प्राप्त गौशालाओं में भेजा जाए। गौपालन को बढ़ावा देने के लिए प्रत्येक किसान को एक गौवंश के वार्षिक चारे-पानी के लिए निश्चित आर्थिक सहायता दी जाए। जो मालिक अपने गौवंशों को खुला छोड़ते हैं या गौपालन में उदासीनता दिखाते हैं, उन्हें शासकीय मुफ्त चावल योजना के लाभ से वंचित किया जाए। रासायनिक खादों से बढ़ रही बीपी, शुगर और हार्ट अटैक जैसी बीमारियों से बचाव के लिए गोबर व केंचुआ खाद के प्रयोग पर जोर दिया जाए। शासन स्तर पर 5 रुपये प्रति किलो की दर से गोबर खरीदी केंद्र बनाए जाएं। इससे खाद का निर्माण होगा और गौवंशों को सड़कों पर भटकने से मुक्ति मिलेगी।

# खेती के कामों में तेजी, किसानों ने शुरू किया दवाई, निंदाई-रोपाई और खाद डालना

हरिभूमि न्यूज ⏭ सेल



कसडोल विकासखंड के ग्रामीण क्षेत्रों में किसान खरीफ की खेती में जुट गए हैं। लगातार हो रही बारिश के बीच छोटे-बड़े अधिकांश किसानों ने खेतों की जुताई मड़ाई और धान की बुवाई का काम पूरा कर लिया है। अब खेतों में धान की रोपाई तेजी से चल रही है। सबसे बड़ी चुनौती रोपाई का सीजन शुरू होते ही मजदूरों की भारी कमी सामने आई है। मजदूर नहीं मिलने से कई किसानों को रोपाई ठेके पर करवानी पड़ रही है। इस साल ठेका 8000 से 9000 रुपये प्रति एकड़ तक पहुंच गया है। वहीं जो किसान रोजाना मजदूरी पर काम करवा रहे हैं, उन्हें प्रति मजदूर करीब 220 रुपये देना पड़ रहा है। मजदूरी और ठेके की दर बढ़ने से किसानों की लागत में काफी इजाफा हुआ है। अतिरिक्त बारिश से बढ़ी परेशानी किसानों का कहना है कि इस साल सामान्य से ज्यादा बारिश हुई है। लगातार और तेज बारिश के कारण कई खेतों में धान का बीज ठीक से अंकुरित नहीं हो सका। जलभराव और अधिक नमी के कारण अंकुर सड़ गए जिससे कई किसानों को डबल बुवाई करनी पड़ी। बारिश के कारण खुर्रा बुवाई कम हुई है और लैईहा बुवाई का रकबा बढ़ गया है। हालांकि जुताई और मड़ाई में विशेष परेशानी नहीं आई, लेकिन अतिरिक्त बुवाई और ठेके की वजह से प्रति एकड़ लागत बढ़ गई है। इस साल कम रकबे में रोपाई अतिरिक्त लागत और मजदूरों की अनुपलब्धता के चलते इस वर्ष ग्रामीण क्षेत्रों में अपेक्षाकृत कम किसान धान की रोपाई करवा रहे हैं। कई किसान खेत का कुछ हिस्सा खाली छोड़ने को मजबूर हैं।
















विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### पुण्यतिथि पर दी देवांगन को श्रद्धांजलि

**खरोरा।** सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में सोमवार को भूमि दानदाता स्व. राम प्रसाद देवांगन उर्फ़ दंडीराम देवांगन की पुण्यतिथि मनाई गई। स्व. देवांगन का परिवार ईश्वरी प्रसाद देवांगन, डॉ. महेंद्र देवांगन, गिरीश देवांगन, हरिओम देवांगन, अरविंद देवांगन, आचार्य चेतन प्रसाद द्विवेदी, रोहित वर्मा, प्राचार्य अश्विनी पाटकर एवं विद्यालय परिवार के समस्त सदस्यों ने उनके छायाचित्र पर श्रद्धा सुमन माल्यार्पण अर्पित किया।

### झूला रथ मेले में उमड़े श्रद्धालु



**गोपालपुर।** सावन के माह में गोपालपुर के गली में झूला रथ मेला का आयोजन किया गया। इसमें भगवान को झूला में झूलाया गया है। इस दौरान कीर्तन मंडली नाचते गाते किर्तन करते रही। सभी लोगों ने पूजा कर अपनी मन्नत मांगी एवं मेला का आनंद उठाया। इस मेले सभी प्रकार की दुकान लगी हुई थी। बड़ी संख्या में ग्रामीण और आसपास के लोग मेला देखने शामिल हुए।

### जवाहर नवोदय प्रवेश परीक्षा के लिए आवेदन 7 तक

**बलौदाबाजार।** शैणिक सत्र 2027-28 हेतु कक्षा 6वीं में प्रवेश के लिये जवाहर नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा हेतु ऑनलाइन आवेदन 31 जुलाई से बढ़ाकर 7 अगस्त किया गया है। पात्र व इच्छुक विद्यार्थी वेबसाईट पर आवेदन कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिये परीक्षा प्रभारी पीएम जवाहर नवोदय विद्यालय लवन के मोबाइल नंबर पर संपर्क किया जा सकता है।

### अजय बने लवन नगर पंचायत में कांग्रेस के महामंत्री



**लवन।** नगर पंचायत लवन के अजय बार्वे, महामंत्री, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी लवन को विधायक प्रतिनिधि नियुक्त किया गया है। उनकी नियुक्ति से कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों में हर्ष का माहौल है। अजय बार्वे ने अपनी नियुक्ति पर विधायक एवं पार्टी नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी गई है, उसका वे पूरी निष्ठा, ईमानदारी एवं जनसेवा की भावना के साथ निर्वहन करेंगे। उन्होंने नगर पंचायत क्षेत्र के विकास कार्यों को गति देने तथा आम नागरिकों की समस्याओं के निराकरण के लिए लगातार प्रयासरत रहने का विश्वास दिलाया। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने अजय बार्वे को नई जिम्मेदारी मिलने पर बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए उनके सफल कार्यकाल की कामना की ।

## निधन

### बिटावन बाई यदु



**मुंडा।** ग्राम ठेलकी निवासी पूर्व जनपद सदस्य जितेंद्र उर्फ जीत्तू यदु के माताजी बिटावन बाई यदु 86 वर्ष का निधन 28 जुलाई को हो गया। उनका अंतिम संस्कार 29 जुलाई को गांव के मुक्तिधाम में किया गया। अंतिम संस्कार में धोबी समाज के मीडिया प्रभारी कमलेश रजक, लच्छनपुर सरपंच भूपेंद साहू, जनपद सभापति अश्वनी रजक, तोषन चौबे, राजू साहू, यमलोक साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे। वे परसराम यदु के पत्नी और अमन यदु, रानू यदु के दादी थे।

**सावन सोमवार : पूरे माह गूंजेगा हर-हर महादेव, प्रमुख मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना की तैयारी**

# सावन के पहले सोमवार लक्ष्मणेश्वर धाम में उमड़ा आस्था का सैलाब, हजारों श्रद्धालुओं ने किया जलाभिषेक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गिधौरी

खरौद छत्तीसगढ़ की गुप्त काशी के नाम से प्रसिद्ध लक्ष्मणेश्वर नगरी खरौद में सावन के पहले सोमवार पर भगवान लक्ष्मणेश्वर महादेव के दर्शन और जलाभिषेक के लिए आस्था का जनसैलाब उमड़ पड़ा। सुबह ब्रह्ममुहूर्त से ही मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं और कांवरियों की लंबी कतारें लग गई थीं। प्रदेश के विभिन्न जिलों के अलावा ओडिशा, मध्यप्रदेश सहित अन्य राज्यों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंचे। दिनभर मंदिर परिसर /"बोल बम/" और /"हर-हर महादेव/" के जयघोष से गूंजता रहा

श्रद्धालुओं ने महानदी के त्रिवेणी संगम से पवित्र जल भरकर पैदल यात्रा करते हुए भगवान लक्ष्मणेश्वर महादेव का जलाभिषेक किया। श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर परिवार की सुख-समृद्धि, अच्छी वर्षा और क्षेत्र की खुशहाली की कामना की। पूरे दिन मंदिर परिसर में भक्तों की भारी भीड़ बनी रही करीब 11वीं शताब्दी में निर्मित लक्ष्मणेश्वर महादेव मंदिर अपनी ऐतिहासिक, धार्मिक एवं स्थापत्य कला के लिए देशभर में प्रसिद्ध है। मंदिर की सबसे बड़ी विशेषता यहां स्थित लक्षलिंग है।

धार्मिक मान्यता के अनुसार इस शिवलिंग में सवा लाख छिद्र हैं, जिनमें से एक छिद्र पातालगामी माना जाता है। यही इस मंदिर की सबसे अद्भुत विशेषताओं में से एक है। परंपरा के अनुसार लक्षलिंग पर एक लाख चावल अर्पित किए जाते हैं, जिसके कारण इसे लक्षलिंग कहा जाता है। इसी अनूठी मान्यता के चलते सावन मास में यहां दूर-दूर से श्रद्धालु पहुंचते हैं मंदिर के पुजारी सुधीर मिश्रा ने बताया कि सावन के पहले सोमवार को सुबह से देर शाम तक श्रद्धालुओं का निरंतर आगमन होता रहा।

श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए मंदिर समिति, प्रशासन और पुलिस द्वारा व्यापक व्यवस्थाएं की गई थीं। दर्शन के लिए बैरिकेडिंग, सुरक्षा, पेयजल और अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई गईं। विभिन्न सामाजिक संगठनों ने श्रद्धालुओं के लिए निःशुल्क नींबू पानी, और नाश्ते की व्यवस्था भी की सावन का पहला सोमवार शांतिपूर्ण, भक्तिमय और उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। मंदिर में आने वाले सावन सोमवारों में श्रद्धालुओं की संख्या और अधिक बढ़ेगी। अपनी प्राचीन धार्मिक परंपरा, ऐतिहासिक महत्व और अद्भुत लक्षलिंग के कारण लक्ष्मणेश्वर धाम आज भी देशभर के शिवभक्तों की आस्था का प्रमुख केंद्र बना हुआ है।





### आज पहला सावन सोमवार, शिवालयों में उमड़े श्रद्धालु





**खरोरा।** सावन के पहले सोमवार पर सोमवार सुबह से ही खरोरा क्षेत्र के शिवालयों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। भक्तों ने भगवान शिव का जलाभिषेक, दुग्धाभिषेक एवं रुद्राभिषेक कर सुख-समृद्धि और परिवार की खुशहाली की कामना की। मंदिर परिसर दिनभर हर-हर महादेव और बोल बम के जयघोष से गूंजते रहे। पूरे सावन माह में शिवालयों में भगवान भोलेनाथ का विशेष श्रृंगार, महाभिषेक, रुद्रपाठ, शिव चालीसा एवं ओम नमः शिवाय' मंत्र के जाप का आयोजन किया जाएगा। श्रद्धालु भगवान शिव को बेलपत्र, धतूरा, भांग, शमी पत्र, दूध, श्वेत पुष्प एवं भस्म अर्पित करेंगे। चारों सावन सोमवार को विशेष धार्मिक अनुष्ठान एवं भजन-कीर्तन होंगे। तिल्दा-खरोरा क्षेत्र के सीमनाथ धाम लखना, स्वयंभू शिवलिंग बेल्दारसिवनी, श्री बालाजी दरबार नर्मदेश्वर महादेव खरोरा, मुक्तेश्वर महादेव चरौदा, मोहदेश्वर महादेव मोहदा, बोहरही धाम पथरी, मां महाकाली मंदिर कोल्हान नाला, सारागांव, गौरखेड़ा बंजारी, रणबीर माता धाम कुंदरू, खलारी मंदिर अड़सेना एवं भैरव बाबा मंदिर कपसदा सहित सभी छोटे-बड़े शिवालयों में पूरे माह विशेष पूजा-पाठ और धार्मिक आयोजन होंगे। मंदिर समितियों ने श्रद्धालुओं की सुविधा एवं सुरक्षा के लिए आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली हैं।

### जलाभिषेक के लिए शिवालयों में देर शाम तक लगा रहा तांता



**पलारी।** श्रावण मास के पहले सोमवार को पलारी स्थित सिद्धेश्वर मंदिर और जरवे के स्वयंभू मंदिर सहित अंचल के सभी शिवालयों में शिवभक्तों का रेला लगा रहा, जहां हर हर महादेव की गूंज चारों तरफ सुनाई दी, बोल बम का जयकारा करते हुए शिवालयों भक्त जलाभिषेक के लिए सुबह से तेज शाम तक लाइन में खड़े रहे। गौरतलब है कि, देश प्रदेश में विख्यात पलारी के अतिप्राचीन सिद्धेश्वर मंदिर में मेले जैसा वातावरण रहा, जहां भक्त अलसुबह से ही पहुंचने लगे तथा विशाल बालसमुंद तालाब में स्नान कर पवित्र होकर सफेद वस्त्र धारण कर शिवालय पहुंचकर शिवलिंग पर जल, पंचामृत और गंगाजल से स्नान कराया गया। पश्चात शिवलिंग पर अक्षत, रोली, चंदन, अबीर, गुलाल, भस्म, सफेद चावल, यज्ञोपवीत, ताम्बूल, बिल्व पत्र, कनेर, धतूरा पुष्प, शमीपत्र धूप, दीप, श्रीफल, ऋतुफल, भांग, गांजा इत्यादि अर्पित की वही भक्त नंदी बैल की भी पूजा अर्चना की तथा उनके कानों में मनोकामना अर्जी लगा रहे थे। मंदिर परिसर में बड़ी संख्या में महिला श्रद्धालु पहुंचे थे। इस दौरान परिसर ओम नमः शिवाय जाप से गूंज उठा।

## सावन के प्रथम सोमवार घोटिया में हुआ पौधारोपण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भवानीपुर

बलौदाबाजार जिले के अंतर्गत पलारी क्षेत्र के ग्राम घोटीया में सावन मास के प्रथम सोमवार पर वैष्णव परिवार एवं टीम पेड़ नहीं हम प्राण लगाबो द्वारा पौधारोपण किया गया। कार्यक्रम के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण और हरियाली बढ़ाने का संदेश दिया गया। इस अवसर पर नीम, अशोक, कनेर, चमेली एवं बरगद सहित विभिन्न छायादार एवं औषधीय पौधों का रोपण किया गया। उपस्थित लोगों ने पौधों की नियमित देखभाल और संरक्षण का भी संकल्प लिया। वक्ताओं ने कहा कि वर्तमान समय में बढ़ते प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन की चुनौती से निपटने के लिए अधिक से अधिक पौधे लगाना आवश्यक है।

कार्यक्रम में बताया गया कि टीम पेड़ नहीं हम प्राण लगाबो लंबे समय से पर्यावरण संरक्षण की दिशा में जनजागरण का कार्य कर रही है। संस्था का उद्देश्य केवल पौधे लगाना ही नहीं, बल्कि उन्हें सुरक्षित रखकर वृक्ष बनने तक उनकी देखभाल करना भी है।इस दौरान कहा गया कि मौसम, राष्ट्रीय पर्व, धार्मिक त्योहार, जन्मोत्सव, दशगात्र, छट्ठी एवं अन्य सामाजिक अवसरों पर पौधरोपण करने की परंपरा धीरे-धीरे जनआंदोलन का रूप ले रही है। पौधरोपण में चंद्रकुमार वैष्णव, रामजीवन दास वैष्णव, लक्ष वैष्णव, परमेश्वर वैष्णव, राजू साहू, इंद्र कुमार वर्मा सहित अनेक पर्यावरण प्रेमी एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

## महिलाओं की सहभागिता से सावन मेला बना यादगार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार



सर्व ब्राह्मण समाज महिला विंग द्वारा पंडित वाल्मीकि शुक्ल स्मृति विप्र वाटिका में आयोजित तीन दिवसीय सावन मेले का रविवार को समापन हुआ। 31 जुलाई से 2 अगस्त तक चले इस मेले में नगर एवं आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में लोगों ने पहुंचकर खरीदारी की और मेले का आनंद लिया।

मेले में महिलाओं, युवाओं एवं परिवारों की उत्साहपूर्ण सहभागिता रही। साथ ही स्थानीय महिला उद्यमियों को अपने उत्पादों के प्रदर्शन एवं विक्रय का बेहतर अवसर मिला।

आयोजन के दौरान रायपुर से वर्ल्ड ब्राह्मण फेडरेशन के अरविंद ओझा एवं उनकी टीम तथा आशीर्वाद भवन से कान्यकुब्ज सभा के महिला प्रकोष्ठ की टीम की विशेष उपस्थिति रही, जिन्होंने आयोजन की सराहना की।

समापन अवसर पर महिला विंग की अध्यक्ष ऋचा द्विवेदी ने सभी आगंतुकों, स्टॉल संचालकों, सहयोगियों एवं समाजजनों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सभी के सहयोग से यह आयोजन सफल और यादगार बन सका। उन्होंने भविष्य में भी ऐसे सामाजिक एवं सांस्कृतिक आयोजनों के माध्यम से समाज को जोड़ने का संकल्प व्यक्त किया। इस अवसर पर डॉ. निशा झा, शैलजा मिश्रा, अलका शर्मा, मृदुला शुक्ला, मोना शुक्ला मनीषा शुक्ला, आरती दुबे, बबली दुबे, श्रद्धा दुबे, कीर्ति शर्मा, प्रभा तिवारी, सरस्वती तिवारी, प्रेमलता तिवारी, स्वाति मिश्रा, सुष्मिता शुक्ला, करुणा दुबे, पूनम शर्मा, शशि शुक्ला, प्रीति बाजपेई, गीता मिश्रा, वंदना शुक्ला, शशि, प्रेम शुक्ला, रोशनी शुक्ला, नीतू शुक्ला, रजनी बाजपेई, मनोरमा बाजपेई, तुलसी तिवारी, ममता शर्मा, कल्पना मिश्रा, स्वाति पांडे, नेहा बाजपेई, युक्ति बाजपेई सहित समाज के अनेक सदस्य उपस्थित रहे।

### शंकर बने छत्तीसगढ़ साहू संघ आईटी सेल के प्रदेश सोशल मीडिया प्रभारी



**बगबुड़ा।** छत्तीसगढ़ प्रदेश संघ के आईटी सेल में संगठन को डिजिटल रूप से मजबूत बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण नियुक्ति करते हुए शंकर साहू को प्रदेश सोशल मीडिया प्रभारी नियुक्त किया गया है। इस नियुक्ति पर संगठन के पदाधिकारियों एवं समाज के लोगों ने शंकर साहू को बधाई दीं। सभी ने विश्वास व्यक्त किया कि उनके नेतृत्व में सोशल मीडिया के माध्यम से संगठन की गतिविधियों, सामाजिक कार्यक्रमों एवं जनहित के कार्यों का प्रभावी प्रचार-प्रसार होगा। नवनियुक्त प्रदेश सोशल मीडिया प्रभारी शंकर साहू ने संगठन के वरिष्ठ नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी गई है, उसका वे पूरी निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण के साथ निर्वहन करेंगे। उन्होंने कहा कि प्रदेशभर में संगठन की गतिविधियों को सोशल मीडिया के माध्यम से अधिक प्रभावी ढंग से जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास किया जाएगा। शंकर साहू की इस नियुक्ति पर समाज के वरिष्ठजनों, पदाधिकारियों एवं शुभचिंतकों ने प्रसन्नता व्यक्त की।

### प्राथमिक शाला हरदी में एक पेड़ मां के नाम पौधारोपण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोपालपुर



शासकीय प्राथमिक शाला हरदी (भ) संकुल केंद्र रोहिना में पौधारोपण किया गया। एक पेड़ मां के नाम 3.0 कार्यक्रम के तहत शिक्षकों, माताओं, जनप्रतिनिधि तथा छात्र छात्राओं ने छायादार, फलदार पौधों का रोपण किया गया। प्रधान पाठक रामदुलार निराला ने जामुन, करंज, मीठा नीम, बहेरा, आम, मुनगा, नींबू, गुलमोहर तथा अशोक का पौधा उपलब्ध कराया। बाल संसद के सभी सदस्यों ने उत्साह पूर्वक कार्यक्रम में सहभागिता निभाते हुए अपने माताओं के साथ पौधारोपण किया। पौधारोपण कार्यक्रम में शामिल मनीष कुमार साहू, निर्मला खूंटे, लक्ष्मीन खूंटे, राजकुमारी खुंटे उपाध्यक्ष, जया खुंटे अध्यक्ष शाला प्रबंधन समिति, पंकज, शुभम खूंटे, विकास, लीशा बर्मन, कनिका, स्वाति, पीयूष, सिमरन खूंटे, मोनिका, आशीष आदि का सहयोग सराहनीय रहा। बाल संसद के सभी सदस्यों ने पौधों को सुरक्षित रखने का संकल्प लिया।

**असम के राज्यपाल जगदीश मुखी ने नई दिल्ली में किया सम्मानित**

# उत्कृष्ट समाजसेवा के लिए डॉ. अरुण छाबड़ा को दिया गया दादासाहेब फाल्के भारत गौरव आइकॉन अवार्ड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

नगर के गौरव एवं समाजसेवी डॉ. अरुण छाबड़ा बंटी को समाजसेवा के क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए दादासाहेब फाल्के भारत गौरव आइकॉन अवार्ड से सम्मानित किया गया। यह सम्मान नई दिल्ली में असम के राज्यपाल जगदीश मुखी द्वारा प्रदान किया गया।

डॉ. अरुण छाबड़ा बंटी पिछले 25 वर्षों से अधिक समय से समाजसेवा के क्षेत्र में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। अपने पिता की स्मृति में वे विगत 9 वर्षों से निशुल्क स्वर्ग रथ शव वाहन सेवा संचालित कर रहे हैं। जरूरतमंदों को भोजन उपलब्ध कराने के साथ-साथ स्वास्थ्य संबंधी सेवाओं में सहयोग करना भी उनके सामाजिक कार्यों का महत्वपूर्ण हिस्सा है।




डॉ. छाबड़ा को इससे पूर्व भी समाजसेवा एवं सामाजिक जागरूकता के क्षेत्र में अनेक प्रतिष्ठित सम्मानों से नवाजा जा चुका है। उन्हें गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड, समाजसेवा के क्षेत्र में मानद डॉक्टरेट, वर्ल्ड रिकॉर्ड ऑफ एक्सीलेंस, इंग्लैंड, फिल्म अभिनेता रजा मुराद द्वारा प्रदान किया गया। एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ चंडीगढ़ से सम्मान तथा अभिनेत्री जयाप्रदा द्वारा हैदराबाद में प्रदान किया गया। ग्लोबल लीडरशिप अवार्ड सहित विभिन्न राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय संगठनों द्वारा 500 से अधिक सम्मानों से सम्मानित किया जा चुका है।

नगर सिख समाज के सम्मानित सदस्य डॉ. अरुण छाबड़ा बंटी सामाजिक सरोकारों से जुड़े विभिन्न क्षेत्रों में लगातार सक्रिय रहते हैं। नारी सम्मान, निशुल्क समर कैंप, रक्तदान एवं चिकित्सा शिविर, पर्यावरण संरक्षण, सामाजिक एवं धार्मिक गतिविधियां, साहित्य, शिक्षा, खेलकूद, सेल्फ डिफेंस, जुडो-कराटे, गतका एवं सांस्कृतिक गतिविधियों में वे बढ़-चढ़कर योगदान देते रहे हैं।

उनके सामाजिक कार्यों को स्थानीय स्तर से लेकर राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर तक सराहना मिली है। दादासाहेब फाल्के भारत गौरव आइकॉन अवार्ड से सम्मानित होने पर नगरवासियों एवं सामाजिक संगठनों ने डॉ. अरुण छाबड़ा बंटी को बधाई दी।

